# Question bank

**Chapter-1 नए समाज के लिए**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) अपने देश का सिर ऊँचा उठाने के लिए हमें क्या करना पड़ा?

(ख) नया रास्ता किस प्रकार बना?

(ग) कविता का भाव सहित सस्वर गायन कीजिए।

(घ) किस पुनीत ज्योति के वितान की बात कही गई है?

(ड़) कवि क्या चाहता है और क्या नहीं चाहता?

(च) धनी लोगों से पहले कवि किसे सुखी देखना चाहता है?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) कवि नए समाज के लिए नया विधान क्यों माँग रहा है?

(ख) सभी धर्मां का ध्येय क्या है और सबसे बड़ा धर्म किसे कहा गया है?

(ग) कवि देशवासियों को जीर्ण मंद चाल से चलने के लिए क्यों मना कर रहा है?

(घ) विनीत शक्ति से क्या तात्पर्य है?

(ड़) कवि ने सद्बुद्धि की ही कामना क्यों की है?

(च) 'वणिक स्वनाम धन्य हों' से क्या तात्पर्य है?

(छ) कवि स्वर्ग और वज्रदंड क्यों नहीं चाहता ?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के दो भिन्न-भिन्न अर्थ लिखिए -**

तन -

चाल -

घड़ी -

पंथ -

दिशा -

शीश -

**Q-4 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -**

(क) 'क्यों' शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए।

(ख) 'अब' शब्द के लिए एक मिलता-जुलता तुकांत शब्द लिखिए।

(ग) 'कर्म' और 'वज्र' शब्दों में कौन-से शब्द में 'र' स्वर रहित है?

(घ) 'मगर' का समानार्थी शब्द लिखिए।

(ड़) 'सीस' का तत्सम शब्द लिखिए।

**Q-5 निम्नलिखित वाक्यों के उपसर्ग और प्रत्यय युक्त शब्दों को रेखांकित कीजिए। उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय को अलग-अलग करके लिखिए -**

(क) मनुष्यता की रक्षा हेतु हमने विभिन्नता में एकता रखी।

(ख) स्वनामधन्य लोगों ने ज्ञान का प्रकाश फैलाया।

(ग) विमल प्रकाश और विनीत शक्ति की कामना की।

(घ) हमने स्वदेश के लिए असंख्य शीशों की आहुतियाँ दीं।

## Multiple Choice Questions

**(a) महान धर्म और कर्म कौन-सा है?**

(i) शांति

(ii) मनुष्यता

(iii) स्नेह

**(b) कविता के कवि का नाम है -**

(i) रामचरण वर्मा

(ii) रामकुमार वर्मा

(iii) रामकुमार चतुर्वेदी

**Chapter-2 लड़की और दियासलाइयाँ**

**Q-1 भाव स्पष्ट कीजिए -**

(अ) उस शाम बहुत ठंड पड़ रही थी। बर्फ़ भी पड़ रही थी और अँधेरा बढ़ रहा था।

(ब) वह तो गर्म होना चाह रही थी।

(स) लड़की के सामने फिर से अभेद्य ठंडी और गीली दीवार खड़ी हो गई।

(द) उसके लंबे बाल कंधों पर काफ़ी सुंदर लग रहे थे, लेकिन उसने कभी इनके बारे में सोचा नहीं था।

**Q-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

(क) सहसा भुना हुआ -------------------------------- लड़की की ओर आने लगा।

(ख) लड़की के हाथ -------------------------------- की तरह हो गए।

(ग) आज वह एक भी -------------------------------- नहीं बेच पाई थी।

(घ) चारों तरफ से -------------------------------- की खुशबू आ रही थी।

(ड़) उस गरीब लड़की के -------------------------------- में जूते नहीं थे।

**Q-3 पूरा वाक्य बहुवचन में लिखिए -**

(क) मेज पर सूखा अलूचा और सेब रखा था।

(ख) लड़की ने घुड़सवार को देखा।

(ग) उसने दियासलाई जलाई।

(घ) उसका जूता दिखाई नहीं दिया।

(ड़) गरीब लड़की जा रही थी।

**Q-4 भाववाचक संज्ञा बनाइए -**

गर्म -

भूखा -

अंतिम -

ठंडी -

गरीब -

सुंदर -

**Q-5 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) वह लड़की क्या काम करती थी?

(ख) इस कहानी में किस दिन की घटना को आधार बनाया गया है?

(ग) इस कहानी का अनुवाद किसने किया है?

(घ) इस कहानी का संबंध किस देश से है?

**Q-6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) दियासलाई के जलने पर लड़की को क्या अनुभव हुआ?

(ख) किस प्रकार पता चलता था कि लोग नए साल की तैयारी कर रहे हैं?

(ग) उस लड़की की समस्या क्या थी? इसका उसने क्या समाधान निकाला?

(घ) उस लड़की का अंत कैसे हुआ? क्यों?

(ड़) लड़की क्यों डर गई थी? उसने डरकर क्या किया?

(च) लड़की ने कैसे अनुमान लगाया कि किसी की मृत्यु हुई है? वह क्या कह उठी?

(छ) लड़की नए साल को मनाने की क्या-क्या कल्पनाएँ करती है?

(ज) जो छोटी लड़की सड़क पर जा रही थी, उसकी दशा कैसी थी? इसका पता कैसे चलता है?

## Multiple Choice Questions

**(a) वे लोग कहाँ रहते थे?**

(i) अटारी में

(ii) खोली में

(iii) कोण्टी में

**(b) लड़की के कोट की जेब में किसकी डिब्बियाँ थीं?**

(i) बिंदी की

(ii) दियासलाई की

(iii) रिबन की

**(c) लड़की के बाल कैसे थे?**

(i) छोटे

(ii) बहुत छोटे

(iii) लंबे

**(d) इस कहानी में किस देश की संस्कृति की झलक मिलती है?**

(i) भारत

(ii) हंगरी

(iii) डेनमार्क

**(e) लड़की क्या चीज बेचती थी?**

(i) जूता

(ii) दियासलाई

(iii) डिबिया

**(f) घुड़सवारों को देखकर लड़की में क्या प्रतिक्रिया हुई?**

(i) डर गई

(ii) सड़क पार करने लगी

(iii) रोमांचित हो गई

**(g) सर्दी के कारण लड़की के पाँव में क्या हो गया?**

(i) जूता छूट गया

(ii) पाँव दर्द करने लगा

(iii) लाल और नीले रंग के हो गए

**Chapter-3 स्वर्ण मरीचिका**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) यह कहानी किस शैली में रचित है?

(ख) इस कहानी के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है?

(ग) इस कहानी के रचयिता कौन हैं?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) भगत की पत्नी क्या चाहती थी?

(ख) क्या पारस जैसी कोई वस्तु होती है? क्या उसके छूने से लोहा सोना बन सकता है?

(ग) भगत को अपने घर में लोहे की क्या-क्या चीजें दिखाई दीं?

(घ) भगत ने स्वर्ग या मोक्ष की अपेक्षा किसको अधिक महत्व दिया? इससे उसकी किस प्रवृत्ति का पता चलता है?

(ड़) महात्मा और भगत की सोच में क्या अंतर था?

(च) क्या पारस पाने के लिए एक पखवाड़े की तपस्या काफ़ी थी?

(छ) अधिकाधिक सोना पाने की इच्छा को पूरा करने के लिए भगत ने क्या-क्या प्रयास किए?

(ज) बूढ़ी माँ ने बेटे भगत को क्या बात समझानी चाही?

(झ) बूढ़े बाप ने लोहे की किन अन्य चीजों की ओर ध्यान दिलाया?

(ञ) पखवाड़ा बीतने के निकट आने पर बनिये और भगत की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(त) महात्मा किस बात से प्रसन्न हो गए और भगत से क्या बोले?

(थ) किस मनोवृत्ति के कारण भगत अंतिम समय तक सोना बनाने के लिए पारस का प्रयोग नहीं कर सका?

(द) महात्मा को सामने पाकर भगत की जो दशा हुई, उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ध) यदि भगत घर की चीजों को ही सोने की बना लेता, तब क्या होता?

(न) इस कहानी में कौन-सा पात्र आपको लालची प्रतीत नहीं हुआ?

(प) भाव स्पष्ट कीजिए - (अ) पारस पाने वाले भगत को यह आज तक इल्म नहीं हुआ कि वह ज़िंदा है कि मर गया। (ब) समय बीत गया। समय अनमोल है, जो तुमने यों ही गँवा दिया। (स) मुझे तो लगता है कि खुद भगवान भी सोने के ही पीले स्वप्न देखते होंगे। (द) हाथ आया टका स्वप्न के अपार खजाने से कहीं बढ़कर होता है।

**Q-3 किसने कहा-किससे कहा?**

(क) बोल, तेरी क्या कामना है, मोक्ष पाना चाहता है या जीते जी स्वर्ग जाना चाहता है?

(ख) पहले वचन दें, तो माँगँ।

(ग) इसलिए थोड़े-से सोने के लिए क्यों अपनी भगति बेकार गँवा रहा है?

(घ) इस पारस को अभी बरत ले।

(ड़) वरदान फल गया, तो ये इक्कीस गाड़ियाँ ही बीस पीढ़ियों तक बहुत हैं।

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के मानक रूप लिखिए -**

गिरस्ती -

जनम -

भगत -

भगति -

**Q-5 उदाहरण पढ़िए, समझिए और वाक्य परिवर्तित कीजिए -**

(क) हमको इस स्कूल पर विश्वास नहीं है।

(ख) मुझे तुम्हारी बात पर पूरा भरोसा है।

## Multiple Choice Questions

**(a) 'स्वर्ण' का क्या अर्थ होता है?**

(i) असंख्य

(ii) मरीचिका

(iii) सोना

**(b) संत ने भगत को क्या दिया?**

(i) आशीर्वाद

(ii) स्वर्ण

(iii) पारस

**(c) किसके दर्शनों के लिए सारा इलाका उमड़ पड़ा?**

(i) संत के

(ii) मरीचिका के

(iii) भगत के

**(d) यह कहानी किस चीज का महत्व बताती है?**

(i) स्वर्ण का

(ii) समय का

(iii) मरीचिका का

**(e) भगत को किस चीज की कामना थी?**

(i) भक्ति की

(ii) स्वर्ण की

(iii) मोक्ष की

**Chapter-4 सड़क की बात**

**Q-1 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

आकाश -

छाया -

शोक -

एक -

सोना -

जड़ -

समाप्त -

सूखा -

कोमल -

पाप -

अंत -

आशा -

**Q-2 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) किसके स्तूप बीज अंकुरित और पुष्पित होकर नए पथिकों को छाया प्रदान करते हैं?

(ख) सड़क किन्हें अच्छी तरह से पहचानती है?

(ग) सड़क रात-दिन क्या सुनती रहती है?

(घ) बालिका कहाँ पर थकी-हारी चुपचाप खड़ी रहती थी?

(ड़) कौन-सी नारी मुनि शाप से पाषाण हो गई?

**Q-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) " क्या वह मुझसे भी कठोर है?" सड़क ने ऐसा क्यों कहा?

(ख) कौन-सी चीजें सड़क की धूल के साथ धूल बन गईं?

(ग) सड़क को रात-दिन क्या शोक रहता है?

(घ) सड़क कोई भी कहानी पूरी क्यों नहीं सुन पाती?

(ड़) चरणों के स्पर्श से सड़क क्या जान लेती है?

## Multiple Choice Questions

**(a) बोल न पाने पर सड़क किसकी तरह सब अनुभव करती है?**

(i) गूँगे की तरह

(ii) अंधे की तरह

(iii) महात्मा की तरह

**(b) सड़क सबके लिए क्या है?**

(i) घर

(ii) उपाय

(iii) लक्ष्य

**(c) सड़क हमेशा से किस करवट सो रही है?**

(i) एक

(ii) दाएँ

(iii) बाएँ

**Chapter-5 सच्चा राज्य**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) किसानों को अन्नदाता क्यों कहा जाता है?

(ख) विद्वानों के विवाद का कारण क्या है?

(ग) किसान का गर्व करना उचित क्यों है?

(घ) सुधा की धार किसान को कैसे सुलभ है?

(ड़) सबसे अधिक संपन्न कौन है?

(च) सच्चा राज्य कौन करता है?

**Q-2 नीचे कुछ गलत एवं सही कथन दिए गए हैं। कविता के आधार पर उनके सामने सही (✓) अथवा गलत (x) के निशान लगाइए -**

(क) किसान राजाओं के दुख को दूर करते हैं।

(ख) राजा किसान पर शासन करता है।

(ग) गाय का दूध अमृत के समान है।

(घ) किसानों का जीवन दरिद्र है।

(ड़) विद्वानों की बुद्धि शाखामयी है।

**Q-3 नीचे दी गई पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए -**

(अ) यदि वे करें उचित है गर्व, बात-बात में उत्सव-पर्व। हमसे प्रहरी-रक्षक जिनके, वे किससे डरते हैं?

(ब) जिनके खेतों में है अन्न, कौन अधिक उनसे संपन्न? पत्नी सहित विचरते हैं वे, भव-वैभव भरते हैं।

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -**

सुधा -

सागर -

कृषक -

राजा -

खेत -

धरती -

पर्व -

अधिक -

**Q-5 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

सच्चा -

पत्नी -

राजा -

उचित -

दाता -

संपन्न -

**Chapter-6 साहसी सुनील**

**Q-1 भाववाचक संज्ञा बनाइए -**

मधुर -

पुरुष -

मानव -

साहसी -

सेवक -

भाई -

उत्सुक -

मनुष्य -

माता -

**Q-2 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) माँ राहुल को कहाँ न जाने की हिदायत देती है?

(ख) प्रस्तुत पाठ में किस प्राकृतिक आपदा का वर्णन है?

(ग) प्रस्तुत पाठ में तीनों बच्चों के नाम क्या-क्या हैं?

(घ) युवती के वस्त्रें पर कौन-सा चिह्न लगा हुआ था?

(ड़) सुनील को उसके घर कौन लेकर आया था?

**Q-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) मास्टर जी ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए क्या कहा?

(ख) रेडक्रॉस सोसायटी के प्रमुख सिद्धांत क्या हैं?

(ग) सुनील कहाँ चला गया था?

(घ) जिसके कपड़ों पर रेडक्रॉस का चिह्न था, वह युवती माँ को क्या बताती है?

(ड़) पूरा राष्ट्र बाढ़-पीड़ितों की मदद में अपना योगदान कैसे दे सकता है?

(च) राहुल बाढ़ पीड़ितों की मदद किस प्रकार करना चाहता है?

(छ) सुनील ने लोगों को किस प्रकार बचाया?

(ज) बाढ़ आने पर मनुष्य को किस प्रकार की भयावह स्थितियों का सामना करना पड़ता है?

(झ) सुनील को क्या हो गया था?

**Q-4 निम्नलिखित वाक्यों को निषेधवाचक वाक्यों में बदलिए -**

(क) तुम यहाँ रुक सकते हो।

(ख) यह कोट अच्छा सिला है।

(ग) यूँ डरकर बैठ जाना ठीक है।

(घ) कृपया ऊँचा बोलिए।

(ड़) गाँव में बाढ़ आई हुई थी।

**Q-5 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

गाँव -

नदी -

संसार -

माता -

भाई -

भगवान -

## Multiple Choice Questions

**(a) सुमन ने माँ को घड़ी देखकर कितना समय बताया?**

(i) चार

(ii) तीन

(iii) पाँच

**(b) सुनील किसकी सहायता करने गया था?**

(i) महामारी ग्रस्त लोगों की

(ii) बाढ़ पीड़ितों की

(iii) भूकंप पीड़ितों की

**(c) युवती किसकी सदस्य थी?**

(i) यू॰ एन॰ ओ॰ की

(ii) डब्ल्यू॰ एच॰ ओ॰ की

(iii) रेडक्रॉस की

**Chapter-7 जगदीशचंद्र बसु**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) रेडियो का आविष्कारक किसे घोषित किया गया?

(ख) जगदीशचंद्र के दो निबंध इंग्लैंड की किस सोसायटी द्वारा प्रशंसित हुए?

(ग) कलकत्ता के किस कॉलेज से जगदीशचंद्र ने उच्च शिक्षा प्राप्त की?

(घ) जगदीशचंद्र बसु के पिता जी का क्या नाम था?

(ड़) किस यंत्र के द्वारा आचार्य बसु ने यह सिद्ध किया कि पेड़-पौधे भी हमारी तरह साँस लेते हैं और भोजन करते हैं?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) इंग्लैंड के कैम्ब्रिज क्राइस्ट कॉलेज, लंदन के अध्यापक जगदीशचंद्र से क्यों प्रभावित थे?

(ख) कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज का क्या नियम था?

(ग) 'बसु विज्ञान मंदिर' क्या था? अपने जीवन भर की कमाई का आचार्य बसु ने क्या किया?

(घ) 1917 में आचार्य बसु ने कौन-सा महत्वपूर्ण कार्य किया?

(ड़) बाबू भगवानचंद्र जी कैसे व्यक्ति थे और जगदीशचंद्र के विषय में उनके क्या विचार थे?

(च) पश्चिम के वैज्ञानिकों को बसु महोदय को महान वैज्ञानिक क्यों मानना पड़ा?

(छ) जगदीशचंद्र ने प्रेसीडेंसी कॉलेज के अनुचित नियम का विरोध किस प्रकार किया?

(ज) जगदीशचंद्र बसु जी की शिक्षा किस प्रकार पूर्ण हुई?

(झ) जगदीशचंद्र बसु की माता जी ने उनके व्यक्तित्व के निर्माण में क्या योगदान दिया?

(ञ) किस प्रकार आचार्य बसु के दस साल के परिश्रम को व्यर्थ कर दिया गया?

**Q-3 नीचे दिए गए शब्दों में बहुत अधिक अर्थ साम्यता होते हुए भी अंतर है। शब्द कोष की सहायता से इनके अर्थ जानकर लिखिए और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**

(क) प्रोत्साहित,उत्साहित

(ख) प्रशंसा,अनुशंसा

(ग) बेटा,लड़का

(घ) पत्नी,नारी

(घ) अनुसंधान,अन्वेषण

**Q-4 निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों की वर्तनी सुधारकर लिखिए -**

अधययन -

विज्ञानिक -

क्रमचारि -

पवितर -

सथापित -

परिनाम -

शिछा -

अविषकार -

कलकटर -

**Q-5 नीचे दिए गए वाक्यों के भेद लिखिए -**

(क) भगवान करे सब कुछ अच्छा हो।

(ख) माता जी अभी ठीक नहीं हैं।

(ग) अकेले बाहर मत जाना।

(घ) यदि कार्य जल्दी समाप्त हुआ, तो हम घूमने जाएँगे।

(ड़) हाय! बेचारा गिर पड़ा।

(च) संभवतः सरकार बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ करे।

(छ) यह सब अचानक कैसे हो गया?

(ज) वर्तिका, रिमझिम और रचना गईं।

## Multiple Choice Questions

**(a) जगदीशचंद्र उच्च शिक्षा के लिए कहाँ गए?**

(i) कनाडा

(ii) इंग्लैंड

(iii) अमेरिका

**(b) कलकत्ता में वह किस विषय के अध्यापक नियुक्त हुए?**

(i) भौतिक विज्ञान

(ii) हिन्दी

(iii) गणित

**(c) बाबू भगवानचंद्र क्या थे?**

(i) डिप्टी कलक्टर

(ii) डॉक्टर

(iii) अध्यापक

**Chapter-8 वेनका की चिट्ठी**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) वेनका के मालिक का क्या नाम था और उसका पेशा क्या था?

(ख) वेनका किसे पत्र लिख रहा था?

(ग) वेनका को मालिक के बगीचे से ककड़ी चुराने के लिए कौन विवश करता था?

(घ) इस पाठ में नौ वर्षीय बालक का क्या नाम था?

(ड़) आलियाखिन और उसकी पत्नी प्रार्थना सुनने के लिए कहाँ गए?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) दादा जी के पास वेनका क्रिसमस पर क्या-क्या करता था?

(ख) वेनका को क्यों मारा गया था?

(ग) मालकिन ने मछली वेनका के मुँह पर क्यों दे मारी?

(घ) वेनका ने अपने दादा जी को मास्को के बारे में क्या लिखा?

(ड़) वेनका ने दरवाजे और खिड़की की ओर विस्फारित नजरों से क्यों ताका?

(च) वेनका ने दादा जी को मालिक से क्या लेकर हरे बक्से में रखने के लिए कहा?

(छ) वेनका को दादा जी के घर और उसके मालिक के घर में क्या अंतर महसूस हुआ?

(ज) वेनका के दादा जी कैसे थे और वे क्या काम करते थे?

(झ) वेनका ने जब खिड़की से बाहर देखा तो, बाहर का दृश्य कैसा था?

(ञ) आलियाखिन और उसकी पत्नी कहाँ जाने के लिए तैयार हो रहे थे?

**Q-3 नीचे लिखे अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए -**

श्रेष्ट -

चरन -

अनूभव -

औखली -

प्रशन -

छमता -

चांदी -

छम -

## Multiple Choice Questions

**(a) वेनका की उम्र कितनी थी?**

(i) नौ वर्ष

(ii) आठ वर्ष

(iii) सात वर्ष

**(b) दादा का क्या नाम था?**

(i) अँबीस्टाइन

(ii) कान्स्टेनटाइन

(iii) अल्बर्ट डिसूजा

**(c) मास्को में बच्चे क्या लेकर दिनभर नहीं घूमते?**

(i) वायलिन

(ii) गिटार

(iii) ढोलक

**Chapter-9 पंच परमेश्वर**

**Q-1 निम्नलिखित शब्दों के 'तत्सम' रूप लिखिए -**

कौआ -

कपड़ा -

गाँव -

कोयल -

घर -

तोता -

**Q-2 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -**

(क) मुँह खोलना -

(ख) कलेजा धक-धक करना -

(ग) कब्र में पाँव लटकना -

(घ) जड़ खोदना -

**Q-3 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) मित्रता का मूलमंत्र क्या है?

(ख) जुम्मन शेख किस कारण सबके आदर के पात्र बन गए थे?

(ग) बूढ़ी खाला ने किसको सरपंच नियुक्त किया?

(घ) अलगू चौधरी ने समझू साहू को क्या बेचा?

(ड़) खाला ने जुम्मन से क्या देने के लिए कहा?

**Q-4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) खाला ने जमीन जुम्मन के नाम क्यों कर दी?

(ख) खाला और जुम्मन के झगड़े में अलगू सरपंच क्यों नहीं बनना चाहते थे?

(ग) समझू साहू क्या कार्य करते थे?

(घ) सहुआइन ने अलगू चौधरी को गालियाँ क्यों दीं?

(ड़) जुम्मन ने खाला को माहवार खर्च न देने का क्या कारण बताया?

(च) जब अलगू सरपंच बनने के लिए टाल-मटोल करने लगे, तो खाला ने उनसे क्या कहा?

(छ) अलगू चौधरी ने क्या फैसला सुनाया?

(ज) बैल गिरकर क्यों मर गया?

(झ) जुम्मन ने क्या फैसला सुनाया?

**Q-5 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण रेखांकित कर भेद भी लिखिए -**

(क) वह जल्दी-जल्दी चलता है।

(ख) पत्र ध्यान से पढ़िए।

(ग) तुम्हें भूख से कम भोजन करना चाहिए।

(घ) हम कब तक उनका इंतजार करेंगे।

## Multiple Choice Questions

**(a) जुम्मन कहाँ जाते समय अलगू को अपना घर सौंप गए?**

(i) मुंबई

(ii) हज

(iii) दुबई

**(b) झगड़ू साहू किसके साथ रियायत बरतना चाहते थे?**

(i) अलगू के

(ii) खाला के

(iii) समझू के

**(c) अलगू चौधरी ने समझू को क्या बेचा था?**

(i) बकरी

(ii) गाय

(iii) बैल

**Chapter-10 सूरदास के पद**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) माता यशोदा बार-बार किसे बुला रही हैं?

(ख) आँगन में कान्हा कैसे आते हैं?

(ग) किसकी कृपा से लँगड़ा व्यक्ति भी पर्वत को पार कर लेता है?

(घ) सूरदास जी बार-बार किसकी वंदना करते हैं?

(ड़) नंद बाबा का आँगन कैसा है?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) श्रीकृष्ण के छोटे-छोटे दो दाँत कब बहुत सुंदर लगते हैं?

(ख) माता यशोदा बार-बार नंद बाबा को क्यों बुला रही हैं?

(ग) अपनी परछाईं को श्रीकृष्ण किस प्रकार और क्यों पकड़ना चाहते हैं?

(घ) पहले पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

(ड़) दूसरे पद में वर्णित कृष्ण की बाल छवि का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(च) प्रभु को करुणामय क्यों कहा जाता है?

(छ) सूरदास जी ने श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन किस प्रकार किया है?

(ज) माता यशोदा श्रीकृष्ण को दूध किस प्रकार पिलाती हैं?

(झ) निम्न अर्थ वाली पंक्तियों को पद से छाँटकर लिखिए - कभी तो बाल कृष्ण अपनी ही परछाई को देखकर, कभी उसे हाथ से पकड़ना चाहते हैं और कभी उसे फिर-फिर देखकर किलकारी मारते हैं, इससे दो छोटे-छोटे दाँत बहुत ही सुंदर लगते हैं।

(ञ) निम्न पंक्तियों का अर्थ लिखिए - जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे कौ सब कछु दरसाई। बहिरौ सुनै, मूक पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए -**

राजेंद्र =

मतानुसार =

यथेष्ट =

## Multiple Choice Questions

**(a) पाठ में प्रस्तुत पदों के रचयिता कौन हैं?**

(i) सूरदास

(ii) कबीरदास

(iii) रहीम

**(b) पदों में किसके विषय में बताया गया है?**

(i) राम के

(ii) कृष्ण के

(iii) विष्णु के

**Chapter-11 क्रिसमस का त्योहार**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) ईसा मसीह के अनुयायियों को क्या कहते हैं?

(ख) यहूदियों की गणना की राजाज्ञा किसने निकाली?

(ग) ईसाई धर्म के संस्थापक कौन थे?

(घ) क्रिसमस-ट्री कब सजाया जाता है?

(ड़) जोसेफ और मेरी का पेशा क्या था?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) ईसा मसीह का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(ख) जोसेफ और मेरी कौन थे?

(ग) सम्राट सजिर आगस्टस ने क्या राजाज्ञा निकाली?

(घ) नव-वर्ष का आगमन कब होता है?

(ड़) पाठ के अनुसार नाजरेथ की क्या विशेषता है?

(च) बेथलहम शहर आजकल कहाँ स्थित है और प्राचीन काल में यह शहर कहाँ बसा था?

(छ) मेरी दंपति को अस्तबल में क्यों रुकना पड़ा?

(ज) क्रिसमस का त्योहार क्यों मनाया जाता है?

(झ) जोसेफ और मेरी दंपति बेथलहम क्यों गए?

(ञ) पाठ के प्रथम अनुच्छेद में क्रिसमस के विषय में जो भी जानकारी दी गई है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

**Q-3 निम्नलिखित वाक्यों में रचना की दृष्टि से वाक्यों का भेद निर्धारण कीजिए -**

(क) जो दूसरों के लिए जीता है, वह महान है।

(ख) मेरे पिताजी ने वर्तिका को भी संस्कृत पढ़ाई।

(ग) मैंने कहा कि मुझे आज विद्यालय नहीं जाना।

(घ) तुम्हारे घर में आते ही वर्षा शुरू हो गई।

(ङ) मैं बाजार गया और मैंने केले खरीदे।

(च) राधिका आई, किंतु संजना चली गई।

(छ) रिमझिम ने गीत गाया और जतिन ने चित्र बनाया।

**Q-4 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए मुहावरे लिखिए -**

(क) दुखी व्यक्ति को और दुख देना

(ख) बहुत दिनों बाद दिखाई देना

(ग) अपनी प्रशंसा स्वयं करना

(घ) अपना नुकसान खुद करना

## Multiple Choice Questions

**(a) ईसा मसीह का जन्म कहाँ हुआ था?**

(i) लंदन

(ii) बेथलहम

(iii) नागालैंड

**(b) सजिर आगस्टस कहाँ का सम्राट था?**

(i) जापान का

(ii) रोम का

(iii) चीन का

**(c) क्रिसमस कब मनाया जाता है?**

(i) 14 नवंबर को

(ii) 1 जनवरी को

(iii) 25 दिसंबर को

**Chapter-12 विषम-ज्वर**

**Q-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) इस पाठ का नाम 'विषम ज्वर' क्यों रखा गया होगा? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) दीनानाथ का छोटा लड़का किन चीजों के लिए मचलता था और क्यों?

(ग) दीनानाथ को अतिरिक्त वेतन क्यों मिला था?

(घ) दीनानाथ होटल जाकर बिना खाना खाए ही क्यों वापस आ गया?

(ड़) फ्नौ रुपए का ज्वरय् कैसे उतरा?

(च) अतिरिक्त रुपयों से दीनानाथ ने पत्नी और बच्चों के साथ मिलकर क्या करने की सोची?

(छ) किस नए विचार ने दीनानाथ को झनझना दिया?

(ज) सेठ को देखकर दीनानाथ के मन में कौन-सी लालसा पनपती थी?

(ञ) दीनानाथ ने स्वयं पर पैसे कहाँ और कैसे खर्च करने की सोची? क्या दीनानाथ अपने ऊपर पैसे खर्च कर सका?

**Q-2 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए -**

(क) दीनानाथ के नौ रुपए वेतन से अधिक मिले।

(ख) वहाँ सब प्रकार की वस्तु मिलती हैं।

(ग) हमारे माताजी विद्वान है।

(घ) मेरे भाई ने जयपुर जाना है।

(ड़) सात बजने को पाँच मिनट हैं।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए -**

कपड़ा -

वस्तु -

ॠतु -

लड़का -

साड़ी -

आत्मा -

खिलौना -

आदत -

मिठाई -

रुपया -

**Q-4 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) अंत में दीनानाथ ने क्या खरीदा?

(ख) दीनानाथ अपने वेतन का क्या करता था?

(ग) दीनानाथ के बच्चे छह महीने से किस बात के लिए मचल रहे थे?

(घ) दीनानाथ को कुल कितने रुपए मिले थे?

(ड़) दीनानाथ का वेतन कितना था?

## Multiple Choice Questions

**(a) दीनानाथ को वेतन के कितने रुपये अतिरिक्त मिले थे?**

(i) आठ

(ii) नौ

(iii) दस

**(b) दीनानाथ का छोटा छोकरा क्या मँगवाना चाहता था?**

(i) गुड़िया

(ii) हवाई जहाज

(iii) रेल का इंजन

**Chapter-13 चाँद सुल्ताना**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) चाँद बीबी के पिता और पति का नाम बताइए।

(ख) मुराद के सैनिकों ने चाँद बीबी के किले की दीवार किस प्रकार उड़ा दी?

(ग) चाँद बीबी के राज्य का क्या नाम था?

(घ) अकबर के समक्ष आत्म-समर्पण दक्खन के किस राज्य ने किया?

(ड़) 'नादिरत-उल-जमानी' किसको कहा गया?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) हम किस प्रकार कह सकते हैं कि अकबर भी चाँद बीबी पर श्रद्धा करता था?

(ख) चाँद बीबी की स्थिति विकट क्यों हो गई?

(ग) चाँद बीबी ने सैनिकों को इकट्ठा करके क्या कहा?

(घ) चाँद बीबी ने सोने और चाँदी के गोले क्यों ढलवाए?

(च) किस प्रकार अहमदनगर का मोर्चा पूरी तरह सुदृढ़ बन गया?

(छ) चाँद बीबी ने किले की दीवार का कार्य किस तरह पूरा किया?

(ज) चाँद बीबी ने अपनी विकट स्थिति का समाधान किस प्रकार निकाला?

(झ) अकबर के समय में दक्षिण के चार बड़े राज्यों के नाम बताइए।

(ञ) चाँद बीबी राजपूतानियों से किस प्रकार एक कदम आगे निकल गईं?

(ड़) चाँद बीबी को चाँद सुलताना कहना अत्युक्ति क्यों नहीं होगी?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

सीधा -

सुदृढ़ -

खुशी -

वीर -

देशभक्ति -

परास्त -

**Q-4 रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त निपातों से कीजिए -**

(क) मुझे कार्यक्रम में दस रुपए ----------------------------------------- मिले।

(ख) दिनभर काम करके मजदूर को ----------------------------------------- बीस रुपए ही मिले।

(ग) तुम्हें आज जयपुर जाना ---------------------------------------- होगा।

(घ) मेरी बहन ---------------------------------------- आपके ही विद्यालय में पढ़ती है।

(ड़) मैं तो उसके भाई से मिला ---------------------------------------- हूँ।

(च) वर्तिका गाने के साथ-साथ चित्रकारी का शौक ---------------------------------------- रखती है।

(छ) ---------------------------------------- धन से ही सारी खुशियाँ नहीं खरीदी जा सकतीं।

(ज) पापा ---------------------------------------- बाजार गए हैं।

**Q-5 पाठ में आए निम्नलिखित मुहावरों को वाक्य में प्रयोग कीजिए -**

(क) जान हथेली पर रखना

(ख) कंधे से कंधा मिलाना

(ग) आँख खुलना

(घ) कमर कसना

## Multiple Choice Questions

**(a) दक्खन के तीनों राज्यों को विजय करने के लिए अकबर ने किसे भेजा?**

(i) औरंगजेब

(ii) शाहजहाँ

(iii) मुराद

**(b) चाँद बीबी किसकी पत्नी थीं?**

(i) आदिलशाह

(ii) नादिरशाह

(iii) सिकंदरशाह

**(c) अकबर ने सारे दक्खन को विजय करने की योजना कब बनाई?**

(i) 1571

(ii) 1591

(iii) 1580

**Chapter-14 एक पंखयुक्त ट्रेजेडी**

**Q-1 निर्देशानुसार वाक्यों को परिवर्तित कीजिए -**

(क) सुरेश इस विद्यालय में नहीं पढ़ना चाहता। (सकारात्मक में)

(ख) काले मुरगे को सफ़ेद मुरगे ने हरा दिया। (प्रश्नवाचक में)

(ग) वह मर गया। (विस्मयादिबोधक में)

(घ) वह प्रतिदिन सैर को जाता है। (नकारात्मक में)

**Q-2 कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य बनाइए -**

(क) संजना गीत गाती है।

(ख) माँ सप्ताह में एक बार बाजार जाती है

(ग) वंदना ने अँगूठी खरीदी।

(घ) अधिकारी ने आदेश दिया।

(ड़) मैं यह कहानी पढ़ता हूँ।

**Q-3 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) मुरगी को देखकर मुरगे की प्रथम प्रतिक्रिया क्या थी?

(ख) काले मुरगे की पीठ पर तीसरी चोंच का आघात किसका था?

(ग) एक दिन सैर करके लौटे प्रोफेसर साहब अपने साथ क्या लाए?

(घ) प्रोफेसर साहब के लॉन में मुरगा दिनभर क्या निगलता रहता था?

(ड़) मुरगे के वशीभूत होकर मुरगी क्या करने लगी?

**Q-4 निनिम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) सफ़ेद मुरगे के प्रति काले मुरगे का व्यवहार कैसा था?

(ख) काला मुरगा किसी दूसरे मुरगे को लॉन में प्रवेश क्यों नहीं करने देता था?

(ग) जब मुरगी को मुरगे के निकट छोड़ा गया, तो क्या हुआ?

(घ) काले मुरगे को खानदानी क्यों कहा गया है?

(ड़) मुरगे ने मुरगी की परिक्रमाएँ किस प्रकार कीं?

(च) मुरगी को मनाने के लिए मुरगे ने क्या किया?

(छ) आप कैसे कह सकते हैं कि मुरगे का स्वास्थ्य असाधारण रूप से अच्छा था?

(ज) मुरगी घर से बाहर निकलकर क्यों नहीं गई?

(झ) मुरगी के किस व्यवहार से मुरगे ने खुद को अपमानित महसूस किया?

(ञ) इस कहानी का मुख्य पात्र कौन-सा है और क्यों?

(त) मुरगे को मुरगी की कौन-सी अदा बहुत पसंद आई?

## Multiple Choice Questions

**(a) काला मुरगा किसके लॉन में चहलकदमी करता था?**

(i) डॉक्टर साहब

(ii) प्रोफ़ेसर साहब

(iii) वकील साहब

**(b) साथ के घर का मुरगा किस रंग का था?**

(i) सफ़ेद

(ii) काला

(iii) भूरा

**Chapter-15 कोशिश करने वालों की ...**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(ख) दाना लेकर कौन चलता है?

(क) किस चीज को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए?

(ग) किसकी कभी हार नहीं होती?

(घ) किससे डरकर नौका पार नहीं होती?

(ड़) समुद्र के गहरे पानी में कौन-सी चीज आसानी से नहीं मिलती?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) गहरे पानी में मोती सहज ही क्यों नहीं मिलते?

(ख) नन्हीं चींटी को बार-बार दीवार से गिरना क्यों नहीं अखरता?

(ग) ‘कोशिश’ शब्द के दो पर्यायवाची बताइए।

(घ) संघर्षों से डरकर मैदान छोड़कर क्यों नहीं भागना चाहिए?

(ड़) गोताखोर को सागर से मोती किस तरह प्राप्त होते हैं?

(च) कवि के अनुसार कोशिश करने वालों की हार क्यों नहीं होती?

(छ) असफलता को एक चुनौती के रूप में किस तरह स्वीकार करना चाहिए?

(ज) नन्हीं चींटी की मेहनत किस तरह सफल होती है?

(झ) सफल होने तक कवि क्या-क्या त्यागने के लिए कह रहा है?

**Q-3 निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलिए -**

(क) सिपाही ने चोर को मारा।

(ख) बच्चा टी॰ वी॰ देख रहा है।

(ग) पेड़ पर तोता बैठा है।

(घ) गायक ने गीत गाया।

(ड़) तुम्हारी बात सुनते-सुनते मेरे कान पक गए।

**Q-4 नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -**

(क) अमृत -

(ख) पुत्र -

(ग) सरस्वती -

(घ) अतिथि -

(ड़) सिधु -

## Multiple Choice Questions

**(a) (क) ----------------------- से डरकर नाव को पार नहीं कराया जा सकता।**

(i) लहरों

(ii) तूफ़ान

(iii) बाढ

**(b) गोताखोर की मुट्ठी अंततः ----------------------- नहीं होती है।**

(i) भरी

(ii) खाली

(iii) गरम

**Chapter-16 काबुलीवाला**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) मिनी काबुलीवाले की झोली की तरफ़ कैसी दृष्टि से देख रही थी?

(ख) काबुलीवाला मिनी को रोज क्या देता था?

(ग) काबुलीवाले का क्या नाम था?

(घ) कागज पर किसके हाथ के पंजे की छाप थी?

(ड़) हर साल माघ महीने के लगभग रहमत कहाँ चला जाता था?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) मिनी काबुलीवाले की किस बात को सुनकर खूब हँसती थी?

(ख) काबुलीवाले पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ग) मिनी काबुलीवाले से डरकर अंदर क्यों भाग गई?

(घ) रहमत को सिपाही पकड़कर क्यों ले जा रहे थे?

(ड़) रहमत जब जेल से छूटकर मिनी से मिलने गया उस दिन मिनी के घर में कौन-सा आयोजन था?

(च) काबुलीवाले से मिनी का प्रथम परिचय किस प्रकार हुआ?

(छ) काबुलीवाला मिनी को रोज मेवा क्यों देता था?

(ज) काबुलीवाले ने मिनी के हृदय पर अधिकार किस प्रकार जमा लिया?

(झ) रहमत को घर जाने के लिए पचास रुपए देने के बाद विवाह समारोह के कुछ अंगों में कटौती होने के बावजूद भी मिनी के पिता संतुष्ट क्यों थे?

(ञ) अठन्नी ने घर में किस प्रकार उपद्रव खड़ा कर दिया था?

**Q-3 कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

(क) ------------------- हनुमान जी का प्रिय हथियार था। (गदा/गधा)

(ख) आज शाम को दसवीं कक्षा का परीक्षा ------------------- निकलेगा। (परिमाण/परिणाम)

(ग) पांडव ------------------- क्रीड़ा में अपना सब कुछ गँवा बैठे। (द्यूत/दूत)

(घ) इस साड़ी का ------------------- एक हजार रुपये है। (मूल/मूल्य)

(ङ) आजकल सुरेश की ------------------- बड़ी दयनीय हो गई है। (दिशा/दशा)

## Multiple Choice Questions

**(a) मिनी की आयु कितनी थी?**

(i) आठ वर्ष

(ii) पाँच वर्ष

(iii) दो वर्ष

**(b) पड़ोस के आदमी ने रहमत से क्या खरीदा था?**

(i) रामपुरी रजाई

(ii) सूखे मेवे

(iii) इलाहबादी अमरूद

**Chapter-17 क्षमा**

**Q-1 निनिम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) लड़ाई-झगड़े की बुनियाद कहाँ होती है?

(ख) ईश्वर अथवा राष्ट्रपति द्वारा दिए गए क्षमादान की क्या विशेषता है?

(ग) लेखक ने चंदन की क्या विशेषता बताई है?

(घ) समाज के लिए तारक मंत्र कौन-सा है?

(ङ) द्वंद्व-सहिष्णुता से क्या अभिप्राय है?

(च) बड़े-बड़े पापियों को यह आश्वासन क्यों है कि परमात्मा उन्हें क्षमादान करेगा?

(छ) राष्ट्रपति किसको क्षमादान दे सकते हैं और क्यों?

(ज) महात्मा गांधी से पहले क्षमाशीलता का मूर्तरूप किसे माना गया है और क्यों?

(झ) क्षमा की श्रेष्ठ श्रेणी कौन-सी है?

(ञ) फ्सत्याग्रह भी क्षमा का ही एक रूप है।य् इस कथन के पक्ष में अपने विचार रखिए।

**Q-2 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया अकर्मक है या सकर्मक? लिखिए -**

(क) सीता पढ़ रही है।

(ख) पशु चारा खाने लगे।

(ग) बड़े भाई ने पत्र लिखा।

(घ) सुनार गहने बना रहा है।

(ड़) बासु सो रहा है।

(च) सीता गा रही है।

(छ) किसान ने हल चलाया।

(ज) सूरज चमकता है।

(झ) लड़के गेंद से खेल रहे हैं।

(ञ) रमा गिर गई।

**Q-3 निम्नलिखित वाक्यों से सर्वनाम छाँटकर उनके भेद लिखिए -**

(क) वह उसका भाई है।

(ख) जो सोवत है, वो खोवत है।

(ग) तुम क्या खा रही हो?

(घ) मैं कल मुंबई जाऊँगा।

(ड़) दरवाजे के बाहर कोई खड़ा है।

(च) मैं खुद पढ़ लूँगा।

**Q-4 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) पाठ के अनुसार पृथ्वी का अन्य नाम क्या है?

(ख) क्षमा की अवधारणा में किसका बड़ा महत्व है?

(ग) महात्मा गांधी ने दुनिया को कौन-सा अस्त्र दिया?

(घ) बिना किसी कारण सामूहिक नरसंहार किसका परिचायक है?

(ड़) पाप करने वालों को बहुत बड़ा आश्वासन क्या है?

## Multiple Choice Questions

**(a) विश्वामित्र ने किसके पुत्र का वध कर दिया था?**

(i) वशिष्ठ

(ii) द्रोणाचार्य

(iii) कृपाचार्य

**(b) फाँसी की सजा पर क्षमादान कौन दे सकता है?**

(i) प्रधानमंत्री

(ii) राज्यपाल

(iii) राष्ट्रपति

**(c) क्षमा की अवधारणा में कैसे व्यवहार का महत्व है?**

(i) सत्य

(ii) प्रत्यक्ष

(iii) अप्रत्यक्ष

**Chapter-18 दो बहनें**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) गुरुसेवक असलियत में क्या काम करता था?

(ख) रामदुलारी के ससुर क्या करते थे?

(ग) दोनों बहनों के क्या नाम थे?

(घ) रूपकुमारी किस बात की कल्पना नहीं कर सकती थी?

(ड़) दोनों बहनें कई साल बाद कहाँ मिलीं?

**Q-2 निनिम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) गुरुसेवक की बात सुनकर रूपकुमारी के मन पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ख) जब पहली बार गुरुसेवक रूपकुमारी से मिला, तो उसकी वेशभूषा क्या थी?

(ग) गुरुसेवक के अनुसार धन का देवता और लक्ष्मी किस पर मेहरबान होते हैं?

(घ) रूपकुमारी बहन के घर जाकर किस असलियत की छानबीन करना चाहती थी?

(ड़) रूपकुमारी के चेहरे पर आत्मसम्मान की लालिमा क्यों दौड़ गई?

(च) रामदुलारी ने अपने पति के काम के बारे में क्या बताया?

(छ) समाज की कुव्यवस्था व्यक्ति के किन भावों को उकसाती और उभारती है?

(ज) रामदुलारी से मिलने के बाद रूपकुमारी को अपना घर अच्छा क्यों नहीं लगा?

(झ) रामदुलारी ने रूपकुमारी से अपने जीजा जी के विषय में क्या पूछा?

(ञ) जब रामदुलारी ने कहा कि उसके पति को एजेंसी में पाँच सौ का औसत पड़ जाता है, तो रूपकुमारी ने उससे क्या पूछा?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के लिग बदलिए -**

मोर -

भैंस -

गाय -

गायक -

माली -

अध्यापक -

ससुर -

बूढ़ा -

पति -

**Q-4 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त 'निपात' से कीजिए -**

(क) हम ------------------------------- चलेंगे।

(ख) अब तक ------------------------------- राहुल चला गया होगा।

(ग) आपको हमारा यह काम करना ------------------------------- होगा।

(घ) हमारे साथ आप ------------------------------- जयपुर चलेंगे।

(ड़) अब ------------------------------- तुम भी पढ़ लिख गए।

## Multiple Choice Questions

**(a) कौन सिर से पाँव तक गहनों से लदा हुआ था?**

(i) रामदुलारी

(ii) रूपकुमारी

(iii) रूपवती

**(b) उमानाथ का वेतन माहवार कितना था?**

(i) 75 रुपए

(ii) 100 रुपए

(iii) 250 रुपए

**Chapter-19 क्या खोया, क्या पाया**

**Q-1 प्रश्नो के उत्तर दीजिए**

(क) कौरवों ने युधिष्ठिर को क्या चुनौती दी?

(ख) युधिष्ठिर को किस चीज का शौक था?

(ग) उस जमाने में क्या आम रिवाज था?

(घ) युधिष्ठिर की भेंट रोज प्रातः किससे होती थी?

(ड़) जुआरी उदास क्यों था?

**Q-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) कहानी का मुख्य संदेश क्या है?

(ख) युधिष्ठिर ने स्वयं को और जुआरी को मूर्ख क्यों कहा?

(ग) हारकर लौटते हुए जुआरी ने युधिष्ठिर से क्या प्रश्न किया?

(घ) लोग किस प्रकार बनते-बिगड़ते थे?

(ड़) जुआरी की भेंट युधिष्ठिर से कब होती थी?

(च) कौरवों के बारे में क्या जानते हुए भी युधिष्ठिर उनके साथ जुआ खेलने के लिए तैयार हो गए?

(छ) कौरवों और पांडवों के बीच खेले गए जुए का क्या परिणाम निकला?

(ज) जुए जैसे खेल के विषय में जुआरी की क्या राय थी?

(झ) युधिष्ठिर कौरवों के साथ जुआ खेलने के लिए क्यों तैयार हो गए?

(ञ) हारे हुए जुआरी के प्रश्न का युधिष्ठिर ने क्या उत्तर दिया?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

सत्य -

ईमानदार -

मित्र -

प्रातः -

झूठा -

हार -

संपन्न -

मूर्ख -

## Multiple Choice Questions

**(a) युधिष्ठिर ने किससे पूछा - फ्क्या खोया, क्या पाया?**

(i) दुर्योधन से

(ii) जुआरी से

(iii) भीम से

**(b) जुआरी के अनुसार जुए में कौन जीतता है?**

(i) ईमानदार

(ii) चितक

(iii) बेईमान

**(c) युधिष्ठिर ने जुआरी को क्या दिया?**

(i) गहने

(ii) मुद्राएँ

(iii) आशीर्वाद